# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

3-Day National Virtual Workshop on Advances in Artificial Intelligence and Cyber Security

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 01-12-2021**

# प्रौद्योगिकी ने काम को सरल बनाया : प्रो. सारिका शर्मा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा में प्रगति' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला के पहले दिन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. विवेक सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। विश्वविद्यालय की कुल सचिव प्रो. सारिका शर्मा ने कार्यशाला, संस्थागत डिजिटल भंडार ज्ञान प्रवाह का उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से कहा कि अवश्य ही इस कार्यशाला के माध्यम से तकनीकी स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलाव की जानकारी प्राप्त होगी। प्रो. सारिका शर्मा ने कहा कि प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है। प्रौद्योगिकी ने हमारे काम को सरल बना दिया है। हालांकि हम साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का भी सामना कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा की चुनौतियों और अवसरों के बारे में जागरूक होना आवश्यक है। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया। कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. राकेश कुमार ने प्रतिभागियों को कार्यशाला के उद्देश्यों से अवगत कराया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सीएच ने ज्ञान प्रवाह के विकास के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का धन्यवाद किया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार ने पुस्तकालय और विभागीय सहयोग नामक नई पहल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही इसका लाभ संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों को शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों में प्राप्त होगा। कार्यशाला में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, अधिकारी शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 01-12-2021**

## हकेंवि में तीन दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

# साइबर सुरक्षा की चुनौतियों व अवसरों के बारे में जागरूक होना आवश्यक

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा में प्रगति विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय और कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के पहले दिन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. विवेक सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने कार्यशाला व संस्थागत डिजिटल भंडार ज्ञान प्रवाह का भी उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने कहा कि प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है। प्रौद्योगिकी ने हमारे काम को सरल बना दिया है हालांकि हम साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का भी सामना कर रहे हैं। इसलिए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा की चुनौतियों और अवसरों के बारे में जागरूक होना आवश्यक है। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. राकेश कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी.एच. ने ज्ञान प्रवाह के विकास के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को धन्यवाद दिया। डॉ. संतोष ने बताया कि रिपोजिटरी कैसे काम करती है और कैसे कोई भी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर सकता है।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार ने पुस्तकालय और विभागीय सहयोग नामक नई पहल का शुभारंभ किया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, अधिकारी शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती यादव ने किया और डॉ. विनीता मलिक ने धन्यवाद दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 01-12-2021**

# वर्तमान में प्रौद्योगिकी ने हमारे काम को बहुत ही सरल बना दिया है : सारिका

## हकेंविवि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा में प्रगति विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय और कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के पहले दिन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. विवेक सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने कार्यशाला और संस्थागत डिजिटल भंडार ज्ञान प्रवाह का भी उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से आयोजकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि अवश्य ही इस कार्यशाला के माध्यम से तकनीकी स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलावों की जानकारी प्रतिभागियों को प्राप्त होगी। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने कहा कि प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है। प्रौद्योगिकी ने हमारे काम को सरल बना दिया है। हालांकि, हम साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का भी सामना कर रहे हैं। इसलिए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा की चुनौतियों और अवसरों के बारे में जागरूक होना आवश्यक है।



हकेंविवि में आयोजित वर्चुअल कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करती कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा (उपर की लाइन में दाएं से दूसरी) ● साभार हकेंविवि

अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डा. राजेश कुमार दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कंप्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डा. राकेश कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डा. संतोष सीएच ने ज्ञान प्रवाह के विकास के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को धन्यवाद दिया। डा. संतोष ने बताया कि रिपोजिटरी कैसे काम करती है और कैसे कोई भी प्लेटफार्म पर उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार ने पुस्तकालय और विभागीय सहयोग नामक नई पहल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही इसका लाभ संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों को शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों में प्राप्त होगा। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, अधिकारी शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. आरती यादव ने किया और डा. विनीता मलिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 01-12-2021**

# हकेंवि में तीन दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा में प्रगति विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय और कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के पहले दिन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. विवेक सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने कार्यशाला व संस्थागत डिजिटल भंडार ज्ञान प्रवाह का भी उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र को कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने संबोधित किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**


**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 01-12-2021**

# ह.कें.वि. में 3 दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला का शुभारम्भ

महेंद्रगढ़, 30 नवम्बर (परमजीत, पंकेस): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस और साइबर सुरक्षा में प्रगति विषय पर 3 दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया।

विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय और कम्प्यूटर विज्ञान व इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला के पहले दिन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. विवेक सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।




*ह.कें.वि. में आयोजित वर्चुअल कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करतीं कुल सचिव प्रो. सारिका शर्मा, साथ हैं अन्य गण्यमान्य।*

कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुल सचिव प्रो. सारिका शर्मा ने कार्यशाला व संस्थागत डिजीटल भंडार ज्ञान प्रवाह का भी उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से आयोजकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि अवश्य ही इस कार्यशाला के माध्यम से तकनीकी स्तर पर आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलावों की जानकारी प्रतिभागियों को प्राप्त होगी। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुल सचिव प्रो. सारिका शर्मा ने कहा कि प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है। प्रौद्योगिकी ने हमारे काम को सरल बना दिया है। हालांकि हम साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का भी सामना कर रहे हैं, इसलिए, आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस और साइबर सुरक्षा की चुनौतियों व अवसरों के बारे में जागरूक होना आवश्यक है।

अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डा. राजेश कुमार दूबे ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डा. राकेश कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्यों से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डा. संतोष सी.एच. ने ज्ञान प्रवाह के विकास के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को धन्यवाद किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार ने पुस्तकालय और विभागीय सहयोग नामक नई पहल का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही इसका लाभ संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों को शैक्षणिक व अनुसंधान संबंधी गतिविधियों में प्राप्त होगा।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, अधिकारी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. आरती यादव ने किया और डा. विनीता मलिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 01-12-2021**

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रगति पर हुई कार्यशाला

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय एवं कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के संयुक्त प्रयासों से आयोजित वर्चुअल कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड साइबर सिक्योरिटी में प्रगति पर आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से अवश्य ही प्रतिभागियों को इन क्षेत्रों में हो रहे बदलावों को जानने-समझने में मदद मिली होगी।

कुलपति ने कहा कि इस क्षेत्र में तकनीकी बदलावों के प्रति जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए पाठ्यक्रमों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति कहा कि यह प्रयास समाज को साइबर अपराधों से बचाने में मददगार साबित होंगे। तीन दिवसीय इस कार्यशाला के समापन सत्र में सहायक आचार्य डॉ. विनय रे ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय कुलपति का परिचय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सीएच ने प्रस्तुत किया। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 01-12-2021**

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवर समय की मांग:प्रो. टंकेश्वर

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ के केंद्रीय पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के सांझा प्रयासों से आयोजित वर्जुअल कार्यशाला का समापन हुआ। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड साइबर सिक्योरिटी में प्रगति पर आयोजित इस तीन कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से अवश्य ही प्रतिभागियों को इन क्षेत्रों में हो रहे बदलावों को जानने-समझने में मदद मिली होगी।

तीन दिवसीय इस कार्यशाला के समापन सत्र में सहायक आचार्य डॉ. बिनय रे ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय कुलपति का परिचय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी एच ने प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय की सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनिता मलिक ने इस आयोजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष नरेश कुमार ने प्रस्तुत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 01-12-2021**

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में पेशेवर समय की मांग

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के केंद्रीय पुस्तकालय एवं कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के सांझा प्रयासों से आयोजित वर्जुअल कार्यशाला का समापन हुआ। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड साइबर सिक्योरिटी में प्रगति पर आयोजित इस तीन कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से अवश्य ही प्रतिभागियों को इन क्षेत्रों में हो रहे बदलावों को जानने-समझने में मदद मिली होगी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला में शामिल विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में तकनीकी बदलावों के प्रति जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए पाठ्यक्रमों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 01-12-2021**

# प्रशिक्षित पेशेवर समय की मांगः प्रो. टंकेश्वर कुमार



महेंद्रगढ़। हकेंवि जांट-पाली। फोटो: हरिभूमि

**महेंद्रगढ़**। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय व कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के सांझा प्रयासों से आयोजित वर्जुअल कार्यशाला का समापन हुआ। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड साइबर सिक्योरिटी में प्रगति पर आयोजित इस तीन कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से अवश्य ही प्रतिभागियों को इन क्षेत्रों में हो रहे बदलावों को जानने-समझने में मदद मिली होगी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला में शामिल विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में तकनीकी बदलावों के प्रति जागरूकता आवश्यक है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 01-12-2021**

# आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवर समय की मांग



महेंद्रगढ़, 3 दिसम्बर (परमजीत, स.ह.): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के केंद्रीय पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के सांझा प्रयासों से आयोजित वर्चुअल कार्यशाला का समापन हुआ। आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस एंड साइबर सिक्योरिटी में प्रगति पर आयोजित इस 3 दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस एंड साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की भारी मांग है।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से अवश्य ही प्रतिभागियों को इन क्षेत्रों में हो रहे बदलावों को जानने-समझने में मदद मिली होगी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला में शामिल विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में तकनीकी बदलावों के प्रति जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए पाठ्यक्रमों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि यह प्रयास समाज को साइबर अपराधों से बचाने में मददगार साबित होंगे।

3 दिवसीय इस कार्यशाला के समापन सत्र में सहायक आचार्य डा. बिनय ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय कुलपति का परिचय पुस्तकालयाध्यक्ष डा. संतोष सी.एच. ने प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय की सूचना वैज्ञानिक डा. विनिता मलिक ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष नरेश कुमार ने प्रस्तुत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: The Tribune** **Date: 06-12-2021**

## WEBINAR ON CYBER SECURITY

**Mahendragarh:** The Central University of Haryana (CUH) organised an online national workshop on "Advances in artificial intelligence and cyber security" wherein, 200 participants, comprising IT and computer science faculty, researchers and students of various universities across the country participated. Vice-Chancellor Prof Tankeshwar Kumar said India needed trained professionals in artificial intelligence and cyber security hence institutions should spread awareness and introduce courses in this regard so that society could deal with cyber crime.

The Tribune Mon, 06 December 2021
https://epaper.tribuneir